दिनांक 07.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

'निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने ऑनलाइन एवं लोक सेवा केंद्र के प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली'

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज लोक सेवा केंद्रों के प्रकरण एवं ऑनलाइन आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की तथा समय पर प्रकरणों का निपटारा न करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की।

आंगनबाड़ी के तहत चल रहे निर्माण कार्य एवं भुगतान के संबंध में भी समस्त जोन आयुक्त से विस्तृत जानकारी ली जिसमें महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी अशोक पांडे व संबंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

लोक सेवा केंद्र के प्रकरण एवं राशन कार्ड , राष्ट्रीय परिवार सहायता , नल कनेक्शन सहित ऑनलाइन लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवेदनों की समय सीमा व्यतीत हो जाने के बाद भी प्रकरण का निपटारा नहीं करने वाले अधिकारियों को आयुक्त सुंदरानी ने त्वरित निराकरण के आदेश दिए हैं एवं आज तक का समय दिया गया है , आज प्रकरण का निराकरण नहीं करने वालों को कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

आयुक्त सुंदरानी ने स्पष्ट कर दिया कि यदि आवेदक , आवेदन करने के बाद भी अनावश्यक इधर-उधर भटकेगे उन अधिकारियों कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी ऐसे प्रकरणों का यथोचित निराकरण करें जिन को त्वरित निराकृत किया जा सकता है।

आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन एवं लोक सेवा केंद्रों के समस्त प्रकरणों को आज ही निराकरण कर सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण न करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अब कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी सीधे कार्रवाई की जाएगी ।

समीक्षा बैठक में निगम भिलाई के जोन आयुक्त , विभाग प्रमुख , महिला एवं बाल विकास के अधिकारी/कर्मचारी के अलावा संबंधित योजना के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।